THE TIMES OF INDIA, PATNA
WEDNESDAY, JUNE 26, 2024

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.06.2024 को निदेशक, प्राथमिक शिक्षा की अध्यक्षता में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 एवं बिहार राज्य बच्चों की मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली, 2011 की धारा 12(1)(c) के तहत राज्य के प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में 25% कमजोर एवं अलाभकारी समूह के बच्चों के ऑनलाईन नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या के संबंध में राज्य स्तरीय V.C. के माध्यम से बैठक की गयी :–

1. बैठक में दिनांक 24.06.2024 तक निजी विद्यालय में RTE 12(1)(c) के तहत 25% कमजोर एवं अलाभकारी समूह के बच्चों के ऑनलाईन नामांकन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या की समीक्षा की गई।
2. ज्ञानदीप पोर्टल पर निबंधित विद्यालय के चयन का ही विकल्प था। अब चूँकि पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में e-SAMBANDHAN पोर्टल पर प्रस्वीकृति प्राप्त सभी निजी विद्यालय ज्ञानदीप पोर्टल पर उपलब्ध हैं। अतएव जिन अभिभावकों द्वारा पूर्व में आवेदन कर दिया गया है, वे अपने प्रखंड अंतर्गत सभी प्रस्वीकृति प्राप्त विद्यालय के चयन हेतु प्राथमिकता में बदलाव कर सकते हैं। आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि तक अभिभावक प्राथमिकता के आधार पर विकल्प के चयन में बदलाव कर सकते हैं।
3. RTE 12(1)(c) के तहत ऑनलाईन नामांकन हेतु आवेदन किये जाने की तिथि 01 जुलाई, 2024 तक अंतिम रूप से विस्तारित की गई है।
4. निदेशालय स्तर पर निर्गत अद्यतन समय–सारणी एवं संलग्न सूची के अनुसार अपने–अपने जिले में प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या की समीक्षा करने एवं इसका प्रचार–प्रसार कराते हुए प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों की संख्या के आलोक में अधिकतम संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त कराने का निदेश सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया है।

(मिथिलेश मिश्र)
निदेशक (प्राथमिक शिक्षा)।

PR- 002621 (EDUCATION) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Principal
Bal Bharati Public School
NTPC Nabinagar
Aurangabad, Bihar - 824303
School Code - 65929
Affiliation No. - 330932